

आज



लक्ष्य सेन

का शानदार प्रदर्शन जारी

अखिलेश यादव

सीएम योगी पर कसा तंज

पटना, शनिवार, १४ नवम्बर, २०२६ सौर २८ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

'नीतीश संवाद' में निशांत के साथ पटना में रहेंगे संजय झा

पटना (आससे)। बिहार की राजनीति में इन दिनों केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता ललन सिंह को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पिछले कई महीनों से राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा चल रही है कि क्या पार्टी में धीरे-धीरे ललन सिंह की भूमिका सीमित की जा रही है? क्या उन्हें पार्टी के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखा जा रहा है? इन सवालों के बीच अब जेडीयू की ओर से जारी एक नए पत्र ने एक बार फिर सियासी चर्चाओं को हवा दे दी है। दरअसल, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से 13 नवंबर 2026 को एक पत्र जारी किया गया है। इसमें 24 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले सुशासन दिवस 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम के लिए बिहार के अलग-

(शेष पृष्ठ ९ पर)



ललन सिंह को मुजफ्फरपुर का जिम्मा

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोकपर्व छठ

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को शुरू हुआ। लाखों व्रती शनिवार की रात खरना करेंगे। खरना के साथ ही व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। रविवार को जल में खड़े होकर व्रतियों द्वारा अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। सोमवार को व्रतियों द्वारा उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठी मइया (षष्ठी देवी) और प्रत्यक्षदेव सूर्य की उपासना के इस लोकपर्व का समापन होगा। अस्ताचलगामी एवं उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पुण्यसलिला गंगा सहित राज्य की सभी छोटी-बड़ी नदियों, झीलों और सरोवरों के घाटों को सजाया गया है।

खरना आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य कल



पुण्यसलिला गंगा के पावन तटों पर दूर-दराज के गांवों से हजारों की संख्या में व्रती अपने परिजनों के साथ पहुंचे हैं, जो उदयाचल सूर्य को अर्घ देने के बाद ही घरों को लौटेंगे। ऐसे व्रतियों ने शुक्रवार को गंगा में स्नान कर नहाय-खाय किया। ऐसे व्रती शनिवार को खरना भी गंगा घाट पर ही करेंगे।

राजधानी पटना में नहाय-खाय का प्रसाद ग्रहण करने के लिए व्रतियों के घर देर शाम तक श्रद्धालु पहुंचते रहे। प्रसाद ग्रहण के लिए व्रतियों के घर श्रद्धाल दोपहर बाद से ही पहुंचने लगे थे। प्रसाद में अरवा चावल का भात, चना की दाल एवं कद्दू की सब्जी श्रद्धालुओं को परोसी गयी। दरअसल, नहाय-खाय के रूप में व्रती छठी मइया एवं सूर्योपासना के लिए संकल्पित होते हैं। नहाय-खाय में स्नान के बाद व्रतियों द्वारा अरवा चावल का भात, चना की दाल एवं कद्दू की सब्जी ग्रहण करने का पारंपरिक विधान है।

शनिवार को व्रती सूर्योदय के पहले से ही निर्जला रहेंगे। रात के पहले पहर में खरना करेंगे। खरना में षष्ठी देवी यानी छठी मइया की उपासना होती है। खरना में छठी मइया को मुख्य रूप से गुड़ की खीर और घी लगी गेहूं

(शेष पृष्ठ ९ पर)

शिवनाथ प्रसाद सहित बिहार बोर्ड के चार अधिकारी बर्खास्त

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। शिक्षा विभाग ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के चार अधिकारियों को सेवामुक्त करने का आदेश दिया है।

चारों अधिकारी ऐसे हैं, जो सेवानिवृति के बाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में संविदा पर 67 वर्ष की आयु सीमा पार करने के बावजूद कार्यरत थे। हैरत करने वाली बात यह है कि इनमें एक अधिकारी शिवनाथ प्रसाद बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्त थे। सेवामुक्त किए जाने वाले पदाधिकारियों में परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) संजय कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी-सह-मुख्य निगरानी पदाधिकारी ईश्वर चन्द्र शर्मा, उप परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) उमेश कुमार सिंह एवं संयुक्त सचिव शिवनाथ प्रसाद शामिल हैं। शिवनाथ वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में प्रतिनियुक्त थे। इनमें संजय कुमार की आयु 67 वर्ष नौ माह, ईश्वर चन्द्र शर्मा की आयु 67 वर्ष आठ माह, उमेश कुमार सिंह की आयु 67 वर्ष चार माह एवं तथा शिवनाथ प्रसाद की आयु 69 वर्ष तीन माह है। शिक्षा विभाग के आदेश में समिति के तत्कालीन सचिव प्रमोद कुमार को भी तुरंत कार्यमुक्त

(शेष पृष्ठ ९ पर)

'नीतीश सेतु' के नाम से जाना जायेगा कच्ची दरगाह-राघोपुर-बिदुपुर पुल

पीएम मोदी 21 को पुल का उद्घाटन कर इसे राष्ट्र को करेंगे समर्पित : सम्राट

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लेन का नाम पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश सेतु रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी २१ नवम्बर को बिहार आगमन के दौरान इस महत्वाकांक्षी पुल का उद्घाटन कर इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर निर्मित यह सिक्स लेन पुल बिहार के आधारभूत संरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन अधिक सुगम और तेज होगा। पटना, वैशाली सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश सेतु बिहार में आधुनिक कनेक्टिविटी और विकास का नया प्रतीक बनेगा। यह पुल राज्य की आर्थिक गतिविधियों को गति देने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास और रोजगार की नयी संभावनाओं के द्वार भी खोलेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के निरंतर सहयोग से बिहार में सड़क, पुल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग सहित प्रमुख क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं का विस्तार हो रहा है। राज्य सरकार विकसित बिहार के संकल्प को सरकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इसके साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी राजापाकर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनोपयोगी एवं विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे।

कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लेन ब्रिज की लागत 5000 करोड़ से अधिक की है. इसके निर्माण के लिए बिहार सरकार ने एशियाई डेवलपमेंट बैंक से 3000 करोड़ का ऋण लिया था. वहीं सरकार ने इसके निर्माण में 2000 करोड़ का व्यय अपने संसाधनों से किया है.

बता दें कि इस ब्रिज के निर्माण का फैसला 2015 में लिया गया था और 2016 में इसका शिलान्यास किया गया था. इसे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मणिपुर में उग्रवादियों ने फायरिंग कर 4 की हत्या

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो वाहनों पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने ये जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना इंफाल-उखरुल रोड पर 'न्यू हेवन' इलाके में हुई, जब हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चार-पहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं।

उन्होंने बताया कि दोनों कारों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों वाहनों

(शेष पृष्ठ ९ पर)

एसीबी की छापामारी में 25 करोड़ की संपत्ति जब्त

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना में एंटी-करप्शन ब्यूरो ने सिंचाई विभाग के एक इंजीनियर पर सख्त कार्रवाई की है। एसीबी ने छापामारी के बाद उस सिंचाई विभाग के इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया है।

इस इंजीनियर पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। छापेमारी में करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

ट्रक से टकरायी छठ व्रतियों की स्कॉर्पियो, दंपती समेत तीन की मौत

कटिहार (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के पहले दिन (नहाय-खाय) कटिहार जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा ने खुशियों को मातम में बदल दिया। मनिहारी गंगा घाट स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े बालू लदे ट्रक से जा टकराई, जिसमें दंपती समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से जुड़े प्रमुख यह भीषण दुर्घटना शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे मनिहारी थाना क्षेत्र के कटिहार-मनिहारी फोरलेन पर नारायणपुर कुतुबपुर के समीप हुई। सभी मृतक कटिहार नगर थाना क्षेत्र के बैगना मोहल्ले के निवासी थे। इनमें शंभू सिंह (68 वर्ष), उनकी पत्नी उषा सिंह (65 वर्ष) और मंजू रानी साहा (पति- इंदु साहा) शामिल हैं। तकनीकी खराबी के कारण सड़क किनारे पहले से एक बालू लदा ट्रक खड़ा था। आशंका जताई जा रही है कि स्कॉर्पियो चालक को झपकी आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।हादसे में एक बच्ची और चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज मनिहारी अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। मनिहारी पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया है और दोनों वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। घटना से सभी लोग मर्माहत हैं।



असम : दो वाहनों की टक्कर में 23 की मौत

काजीरंगा (असम) (एजेंसी)। असम के काजीरंगा के रंगाजन में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया. यह एक्सीडेंट तब हुआ जब एक तेज़ रफ़्तार ट्रैवलर (मिनी बस) ने ट्रक को आमने-सामने टक्कर मार दी, जो बोकाखाट से नागांव की ओर जा रही थी. हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हो गए. घटना पर मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने दुख जताया है.

जाकिर नाइक के खिलाफ गृह मंत्रालय ने 5 साल के लिये बढ़ाया प्रतिबंध

नयी दिल्ली (एजेंसी)। विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक द्वारा स्थापित 'इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन' पर लगे बैन को बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने प्रतिबंध को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार के ये कदम उठा कर भगोड़े इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक पर शिकंजा और कस दिया है। सरकार ने 'गैरकानूनी गतिविधियां (रोक थाम) अधिनियम' के तहत इस संगठन को एक 'गैरकानूनी संस्था' घोषित कर दिया है।



शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। बताया कि यह संगठन और इसके सदस्य खास कर इसके संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. जाकिर अब्दुल करीम नाइक अपने अनुयायियों को अलग-अलग धार्मिक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

स्पाइसजेट पर आर्थिक संकट गहराया, दुबई की चार उड़ानें रद्द

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दुबई हवाई अड्डे पर स्पाइसजेट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बकाया भुगतान न मिलने पर ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी डीएनएटा ने एयरलाइन की चेक-इन सेवाएं रोक दीं। इसका असर यह हुआ कि कंपनी को दुबई से अपनी चार उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को एयरलाइन की सिर्फ दो उड़ानों को ही दुबई हवाई अड्डे से उड़ान भरने की अनुमति मिली।

आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पाइसजेट पर ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी डीएनएटा का 1.4 करोड़ यूएई दिरहम से ज्यादा बकाया है। भुगतान नहीं होने के चलते कंपनी ने एयरलाइन की चेक-इन सेवाएं रोक दी थीं। हालांकि, यह रोक सिर्फ 12 नवंबर तक ही रही।

दुबई में उड़ानें रद्द होने के बाद अब दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने भी स्पाइसजेट के यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। हवाई अड्डा प्रशासन ने कहा है कि एयरलाइन की परिचालन संबंधी परेशानियों के चलते कुछ उड़ानों पर असर पड़ सकता है। जीएमआर के संचालन वाले दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को सलाह दी है कि घर से निकलने से पहले स्पाइसजेट की वेबसाइट या अन्य आधिकारिक माध्यमों से अपनी उड़ान की स्थिति जरूर जांच लें। किसी भी बदलाव की जानकारी के लिए एयरलाइन से संपर्क करने को भी कहा गया है।

नवंबर की शुरुआत से ही स्पाइसजेट की उड़ानों को लेकर लगातार परेशानियों की खबरें सामने आ रही हैं।

मेरा फोन टैप किया जा रहा है : राहुल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि उनका फोन टैप कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मेरे सभी आरोपों के सबूत मेरे फोन में हैं, जिसे प्रधानमंत्री टैप करा रहे हैं. वन-ऑन-वन बहस से यह साबित हो जाएगा कि विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है, देश विरोधी कौन है और कब से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है. ऐसी कई दूसरी जानकारियां भी हैं, जो मुझे पता हैं और मेरे फोन में मौजूद हैं.



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी. उन्होंने दावा किया कि अगर दोनों के बीच वन-ऑन-वन बहस हुई तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे. इंस्टाग्राम पर एक सेशन के दौरान राहुल से पूछा गया था कि जब


(शेष पृष्ठ ९ पर)

समर्पित सेवा के 31 वर्ष
निरंगा
अगरबत्ती
देश की खुशबू
की
भोर
प्रीमियम धूप
आकर्षक हैंडल बैग मे..
CUT FROM HERE
NEW RECLOSABLE SPECIAL ZIPPER POUCH FOR EXTRA FRESHNESS
From the house of TIRANGA
Sacred
DEDICATED TO GOD
सेकरेड
यथा नाम तथा गुणः
TIRANGA
Bhor
PREMIUM DHOOP
भोर
प्रीमियम धूप
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.
वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए
सम्पर्क करें 6389 004433

आधा सेंटीमीटर से भी छोटे छेद से दूरबीन द्वारा फुल स्पाईन की हर तरह के ऑपरेशन के लिए पूर्वी भारत का पहला केन्द्र
● कोई चीरा नही ● बेहोशी की जरूरत नही
● कम खर्च / रियायती ● खून चढ़ाने की जरूरत नही
● दो घंटे में चलना, दर्द रहित ● अगले दिन छुट्टी
किंग्सवे मेडिकल सेन्टर, पटना
Mob. : 7033000109
(पी.जी. आई. चंडीगढ़ के डाक्टरों द्वारा संचालित)
देश व दुनिया के सर्वोच्च संस्थानों में कार्य अनुभव
डा. आनंद भूषण
MBBS (मणिपाल), MS ऑर्थो, राजस्थान (गोल्ड मेडल)
SRD (पी.जी.आई., चंडीगढ़)
किंग्स कॉलेज, लंदन, UK WWL हॉस्पीटल, साउथेम्पटन, इंग्लैंड
लम्बी जोड़, नस, लिगामेंट एवं गठिया रोग विशेषज्ञ
स्पाईन एंडोस्कोपी व जनरल सर्जन (दूरबीन पद्धति)

विकसित भारत का निर्माण खेती को विकसित किये बिना संभव नहीं

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया टुडे ग्रुप के किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि खेती को विकसित किए बिना, उसे स्मार्ट बनाए बिना और किसानों को सशक्त किए बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है. उन्होंने किसान सम्मेलनों को जरूरी बताते हुए कहा कि खेती और देश की प्रगति का गहरा संबंध है.



पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत देशवासियों को दीपावली और छठ महापर्व की शुभकामनाएं देकर की. उन्होंने इंडिया टुडे ग्रुप के चेयरमैन और एडिटर-इन-चीफ अरुण पुरी, देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यमियों और किसानों का स्वागत किया.

प्रधानमंत्री ने किसान तक के इस आयोजन के लिए इंडिया टुडे ग्रुप का अभिनंदन किया. उन्होंने कहा कि जब देश में स्वच्छता अभियान शुरू हुआ था, तब इंडिया टुडे ग्रुप ने उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था. अब ग्रुप ने किसानों के लिए दो दिन का किसान मेला आयोजित किया है. यह एक बहुत सकारात्मक शुरुआत है.

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन ऐसे

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पीएम मोदी ने बंगलूरू पिंक लाइन का किया उद्घाटन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बंगलूरू मेट्रो की पिंक लाइन को हरी झंडी दिखाई। पीएम ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ सफर किया। साथ में गवर्नर सुधा यादव, सांसद तेजस्वी सूर्या और मंत्री के बी गौड़ा भी मौजूद रहे। ट्रेन में चढ़ने से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने काउंटर पर यूपीआई का इस्तेमाल करके टिकट भी खरीदा। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि मेट्रो कनेक्टिविटी से पैसा और समय दोनों की बचत होती है।

नम्मा मेट्रो का नया सेक्शन 14 नवंबर को सुबह 6 बजे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इसके शुरू होने से बंगलूरू का चालू मेट्रो नेटवर्क 103.6 द्यद्व का हो जाएगा, जिससे यह दिल्ली के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन जाएगा।

15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन बंगलूरू और कर्नाटक की विकास यात्रा को एक नई गति देने वाला है। आज यहां से

(शेष पृष्ठ ९ पर)